# BEFORE THE NATIONAL GREEN TRIBUNAL
# PRINCIPAL BENCH, NEW DELHI

Execution Application No.11 OF2025
In
Original Application No. 1075 OF2024

**IN THE MATTER OF:**

Narendra Kushwaha ......Applicant

Versus

Union of India & Ors .....Respondents

INDEX


| Sr. no | Particulars | Page no. |
|---|---|---|
| 01 | Additional Submission With Affidavit | 1-19 |
| 02 | to the Information letter dated 27.09.2025 sent by the applicant to DFO | 20-26 |
| 03 | to the DFO letter dated 16.10.2025 | 27 |
| 04 | to the Municipal Corporation letter dated 01.12.2025 | 28 |
| 05 | to the letter dated 02.12.2025 sent by the applicant to DFO | 29 |
| 06 | to the Photograf | 30-57 |
| | | |
| | | |
| | | |


दिनांक 15.12.2025

प्रार्थी/आपत्तिकर्ता

नरेन्द्र कुशवाहा

**(नरेन्द्र कुशवाहा)**

# BEFORE THE NATIONAL GREEN TRIBUNAL
# PRINCIPAL BENCH, NEW DELHI

Execution Application No.11 OF2025
In
Original Application No. 1075 OF2024

**IN THE MATTER OF:**

Narendra Kushwaha …Applicant

Versus

Union of India & Ors . ..Respondents

## Additional Submission on behalf of the Applicant

महोदय,

1. यह कि माननीय महोदयगण से विनम्र निवेदन है कि पर्यावरण संरक्षण एवं न्यायहित में इस ADDITIONAL SUBMISSION में वर्णित सभी तथ्यों, साक्ष्यों, अभिलेखों एवं परिस्थितियों का सम्यक् परीक्षण एवं विचारोपरांत, प्रकरण में आवश्यक एवं यथोचित अग्रिम कार्यवाही हेतु उपयुक्त आदेश पारित किया जाए।

1. That it is most respectfully submitted before the Hon'ble Members that, in the interest of environmental protection and justice, after due examination and consideration of all the facts, evidence, records, and circumstances described in this **Additional Submission**, appropriate orders may kindly be passed for necessary and proper further proceedings in the matter. (Google translate)

2. यह कि माननीय न्यायाधिकरण द्वारा पारित आदेश दिनांक 18.09.2025 के अंतर्गत आवेदक को यह स्पष्ट अनुमति प्रदान की गई थी कि जिन कंक्रीटीकृत वृक्षों के संबंध में कार्यवाही नहीं की गई है अथवा अपूर्ण कार्यवाही की गई है, उनका पूर्ण विवरण प्रभागीय वन अधिकारी, झांसी, जो कि संयुक्त समिति के सदस्य हैं, को प्रस्तुत किया जाए।

**2.** That under the order dated **18.09.2025** passed by the Hon'ble Tribunal, the applicant was expressly permitted to submit complete details of those concretised trees in respect of which no action has been taken or only incomplete action has been taken, to the **Divisional Forest Officer, Jhansi**, who is a member of the Joint Committee. (Google translate)

3. यह कि माननीय न्यायाधिकरण के उक्त आदेश के अनुपालन में, आवेदक द्वारा दिनांक 27.09.2025 को झांसी महानगर में कंक्रीटीकरण/अवैध कटान से प्रभावित वृक्षों का विस्तृत एवं क्षेत्रवार विवरण प्रभागीय वन अधिकारी, झांसी सहित समस्त प्रतिवादियों को ई-मेल पर लिखित प्रस्तुति के माध्यम से विधिवत उपलब्ध करा दिया गया था।

**3.** That in compliance with the aforesaid order of the Hon'ble Tribunal, the applicant, on **27.09.2025**, duly submitted a detailed and area-wise description of the trees

affected by concretisation and/or illegal felling in Jhansi city to the **Divisional Forest Officer, Jhansi**, as well as to all the respondents, through a written submission sent by e-mail. (Google translate)

4. यह कि यह अत्यंत खेदजनक एवं गंभीर तथ्य है कि माननीय न्यायाधिकरण के स्पष्ट आदेशों के बावजूद, सरकारी विभागों द्वारा आज भी झांसी महानगर के विभिन्न मार्गों, कच्चे एवं हरित क्षेत्रों और सार्वजनिक स्थलों पर लगे वृक्षों के तनों के चारों ओर कंक्रीटीकरण/सीमेंटेड किया जा रहा है तथा अनेक स्थानों पर वृक्षों को अवैध रूप से उखाड़ा एवं काटा जा रहा है। इसके अतिरिक्त नगर निगम के अधिकारियों की मिलीभगत से सड़कों किनारे कच्चे और हरित क्षेत्र पर अतिक्रमण करने वालों के द्वारा वृक्षों को एन केन प्रकारेण नष्ट एवं शुखाया जा रहा है । उक्त अवैध एवं पर्यावरण विरोधी गतिविधियाँ निरंतर जारी हैं, जिससे लगभग 65 प्रतिशत वृक्ष **सूख कर नष्ट हो गए हैं** और कुछ नष्ट होने की कगार पर हैं । जिन्हें इस Additional Submission के साथ संलग्न फोटोग्राफों में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है, जो माननीय न्यायाधिकरण के आदेशों के प्रत्यक्ष उल्लंघन एवं पर्यावरण को अपूरणीय क्षति पहुँचाने का स्पष्ट प्रमाण हैं।

4. That it is an extremely regrettable and serious fact that, despite the clear orders of the Hon'ble Tribunal, government departments are still carrying out concretization/cementing around the trunks of trees planted along various roads, in kutcha and green areas, and at public places within Jhansi city, and at several locations trees are being illegally uprooted and cut. Furthermore, with the connivance of officials of the Municipal Corporation, encroachers upon roadside kutcha and green areas are destroying and deliberately drying up trees by one means or another. **These illegal and environmentally hostile activities are continuing unabated, as a result of which approximately 65% of the trees have dried up and been destroyed,** while others are on the verge of destruction. The same can be clearly seen in the photographs annexed with this Additional Submission, which constitute direct evidence of blatant violation of the orders of the Hon'ble Tribunal and of irreparable damage being caused to the environment. (Google translate)






5. यह कि अधिकारियों द्वारा केवल औपचारिकता एवं कागजी कार्यवाही दर्शाने के उद्देश्य से कुछ स्थानों पर जानबूझकर एपेक्स हटाकर तथा कंक्रीट-युक्त सीमेंट को हटाए बिना ही सीमेंटेड सतह पर गोबर खाद डाली गई और उसकी फोटोग्राफी कराई गई है, जिसे पृष्ठ संख्या 22-24 पर संलग्न, उक्त फोटोग्राफ में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

5. It is stated that, for the mere purpose of formality and to display procedural compliance, the officials deliberately removed the apex at certain locations and, without removing the concrete-embedded cement, applied cow dung manure on the cemented surface and had it photographed, which can be clearly seen in the photograph attached on page number 22 TO 24. (Google translate)



6. यह कि आवेदक द्वारा प्रस्तुत विवरण में यह स्पष्ट रूप से दर्शाया गया था कि संयुक्त समिति की रिपोर्ट में जिन 971 स्थलों पर कंक्रीट हटाने का दावा किया गया है, वास्तविकता में कुछ स्थानों पर केवल 50-55 वृक्ष के तने की लगभग 6 इंच परिधि तक ही कंक्रीट हटाया गया है, जबकि जड़ों के चारों ओर अब भी कंक्रीटीकरण/सीमेंटेड सतह बनी हुई है तथा **नारायण बाग** के हजारों वृक्षों को काटकर दो बड़े नालों और पाथवे का निर्माण किया गया है। जिसके लिए नारायण बाग के लगभग 12X2300 मीटर (पाथवे निर्माण) हरे-भरे क्षेत्र को और लगभग 15X2300 मीटर (नाला निर्माण) हरे-भरे क्षेत्र को उजाड़ दिया गया है। तथा पाथवे एवं नाला के निर्माण के दौरान कई विशाल वृक्षों और कच्चे क्षेत्र को सीमेंटेड कर दिया है।

6. That it was clearly demonstrated in the details submitted by the Applicant that, of the 971 sites where the Joint Committee's report claimed concrete removal, in reality, at some locations, concrete was removed only up to a circumference of approximately 6 inches on 50–55 tree trunks, while the area around the roots still remains concreted/cemented. Furthermore, thousands of trees in Narayan Bagh have been cut

down to construct two large drains and pathways. For this purpose, approximately 12×2300 meters of green area (for pathway construction) and approximately 15×2300 meters of green area (for drain construction) in Narayan Bagh have been devastated. Additionally, during the construction of the pathways and drains, several large trees and open areas have been concreted. (Google translate)

7. यह कि इसके अतिरिक्त, झांसी नगर निगम के समस्त वार्डों, मोहल्लों, सड़कों एवं चौराहों पर अवैध वृक्ष कटान, हरित क्षेत्र के विनाश तथा बड़े पैमाने पर कंक्रीटीकरण से संबंधित विवरण एवं ठोस तथ्य भी दिनांक 27.09.2025 की प्रस्तुति में उल्लिखित थे।

7. That in addition thereto, the submission dated **27.09.2025** also contained detailed particulars and substantive facts relating to **illegal felling of trees, destruction of green areas, and large-scale concretisation** across all wards, localities, roads, and intersections of the Jhansi Municipal Corporation area. (Google translate)

**which is as follows.**

Details of areas in Jhansi metropolitan affected by concreting, where trees along the following areas and the roads emanating from them have been cut down and concreted.

**Ward and Mohalla List**

- **Ward 1: Hansari Gird-I ,Mohallas:** Hansarigird (Eastern part), Kumahartoli, Gwaltoli, Rajgarh, and Anjani Nagar Etc.
- **Ward 2: Talpura-I ,Mohallas:** Aivat Market, D.C. Primary School, Kambal Mill, Kalimai Talpura, Nadan, and Ravidas Temple Etc.
- **Ward 3: Bhatta Gaon ,Mohallas:** Mathurapura, Bhattagaon, Khirakpatti, and Srinagar Etc.
- **Ward 4: Khushipura-I ,Mohallas:** Khushipura, Government District Library, Shiksha Bhawan, Bipin Bihari Inter College, Christian Hospital, Madiya, Office of District Panchayat, and Nagariya colony Etc.
- **Ward 5: Esaitola-I ,Mohallas:** Isaitola, Biharipura, Summer Nagar, Shastri Nagar, Kamal Singh Farm House, Kabristan, and Noor Nagar Etc.
- **Ward 6: Nainagarh ,Mohallas:** Nainagarh Etc.
- **Ward 7: Kachhiyana Puliya No. 9 ,Mohallas:** Kachhiyana, Kabristan, Chhoti Maszid, Tapariyan, Tanki wala chetra, Ishawari Nagar, and Rajgarh Purana Etc.
- **Ward 8: Nai Basti-I ,Mohallas:** Nai Basti, Mahila bhagini mandal, Khajurbagh, Idgah, Mehndi Bagh, Indrapuri Colony, Hathi khana, Patla ke Hanuman, and Ayurvedic Anusandhaan Sansthan Etc.
- **Ward 9: Hansari Gird-II ,Mohallas:** Roadways Workshop, Harijan colony, Tapariyan, Sarandhara nagar Residential Colony, Govind Nagar, and Rajgarh Dairy Farm Etc.
- **Ward 10: Nainagarh South-I ,Mohallas:** Southern part of Nainagarh, Rajiv Nagar, and Mahaviran Etc.

- **Ward 11: Bahar Sainyar Gate ,Mohallas:** Outside Saiyyar Gate, Markazi Maszid, Fort Bazar, Rajhans Petrol Pump, and Balmiki Mandir Etc.
- **Ward 12: Schoolpura ,Mohallas:** Chamariyana, Billeshwar, Maharajpura, Sheikhbada, Tola Badluram, Schoolpura, Silvart ganj, Imamabada, Gudripura, and Isalam ganj Etc.
- **Ward 13: Koncha Bhanwar ,Mohallas:** Koncha bhanwar, Mary, Buda, Sahara colony, Church farm, Ansal colony, J.D.A. colony, Toriya pura, Kuryana, Paramedical, and Nagaria kua Etc.
- **Ward 14: Khushipura-II ,Mohallas:** Khushipura, Veeragana Jhalkari Bai Ju. H. School, Vansi Nagar, Maszid, and Madak khana Etc.
- **Ward 15: Gariya Gaon ,Mohallas:** Gariya Gao, Saint Juides School, Mohalla police chouki, Premnagar thana, Ambedkar colony, Azad Nagar, and Khaira Etc.
- **Ward 16: Masihaganj ,Mohallas:** Masiha ganj, Boudh Nagar, St Mary's High School, Mirza Compound, Kalsi Compound, and Primary Ju. High School Etc.
- **Ward 17: Nandanpura-II ,Mohallas:** Nandanpura, Awas vikas colony, Surya Puram, and Kund patha Etc.
- **Ward 18: Talpura-II ,Mohallas:** Ambedkar Park, Harijan chhatrawas, New bus stand, Krishi Mandi, R.T.O. Office, Jai Mahakali Transport, Talpura, and Dadiya pura Etc.
- **Ward 19: Bangala Ghat ,Mohallas:** Bangala ghat, Hajaryana, Inside Lakshmi Gate, Chaturayana, and Area of Single Bidi Etc.
- **Ward 20: Gudri ,Mohallas:** Gudri, Suje khan Khirki, Inside Badagao Gate, Shankar Singh ka Bagicha, Annapurna colony, Vihar Colony, Bahar ka Pura, Verma Colony, Chuna Bhatti, and Chimman Litore ki Bagia Etc.
- **Ward 21: Simaradha ,Mohallas:** Simaradha, Karari Pustkalay, Pal Colony, Swami, Hanuman ji ka mandir, and Kashiram Residential colony Etc.
- **Ward 22: Bijoli ,Mohallas:** Bijoli, Rajgarh, UPSIDC, Industrial Growth Centers, Ramnath City, and P.A.C. Colony Etc.
- **Ward 23: Lahargird-I ,Mohallas:** Lahar, Ras Bahar Colony, Nalganj, and Atri ka bagicha Etc.
- **Ward 24: Simraha ,Mohallas:** Simraha, Bhagvantpura, Singarra, Maharshi Balmiki School Area of Bundelkhand university, and Karguwa Jain Temple Etc.
- **Ward 25: Bagicha Puliya no 9 ,Mohallas:** Idgah, Badakua, Tikoniya, Allahabadi, Badi Maszid, Rail ganj, Bagicha, Mahobiya, Naya pura, Sunaryana, Dadamiya, Khichadipura, Thakuryana, and Tapriyan Etc.
- **Ward 26: Isitola Tola-II ,Mohallas:** Isitola, Purviya Tola, Khati Baba, Nirmala Convent School, Pandey Farm, Anwar Farm, and Sherwood School Etc.
- **Ward 27: Dadiyapura-II ,Mohallas:** Outside Lakshmi Gate, Dadiyapura, Kali Ji ka mandir, Gangadhar Rao's ki Samadhi, Shivaji Nagar, Kailash residency, and Chiranjeevi Medical Center Etc.
- **Ward 28: Hirapura ,Mohallas:** Ganeshpura, Kailash Temple, Ratanpura, Gurudwara, Pratap pura, and Hirapura Etc.

P.T.O. 07

- **Ward 29: Nainagarh South-II ,Mohallas:** Southern part of Nainagarh, Hata pyare lal, Jeevanpura, Manoharpura, and Rajiv Nagar Etc.
- **Ward 30: Aligol-I ,Mohallas:** Outside Unnao Gate, Panchavati, Shamshanghat, Bhandari Gate, outside Bhairo khirki, and Nagar Nigam khanti Etc.
- **Ward 31: Lahargird-II ,Mohallas:** Lahar gird, Harikishan Degree College, Brahmnagar colony, Polytechnic, and Naya Gaon Etc.
- **Ward 32: Pichhor ,Mohallas:** Veerangana Colony, Pichhor, Gumna Wara, and Maharana Pratap Nagar Etc.
- **Ward 33: Bahar Orchha Gate II ,Mohallas:** Outside Orchha gate, kasai Mandi, Khanti, Bankers colony, Gangadhar Rao's ki Samadhi, Lakshmi talab, Om Shanti Nagar, Padam ka bagh, Khatik colony, Lavkush Colony, M.B. Public School, and Dev lal chobe ka akhada Etc.
- **Ward 34: Nai Basti II ,Mohallas:** Nai Basti, Sharda Hills colony, Lakshmi Vyamashala, Ashiq chauraha, Shia Maszid, Katerawali Haveli, and Khai Mohalla Etc.
- **Ward 35: Nandanpura-I ,Mohallas:** Nandanpura, Deendayal Nagar, Balaji puram, Isaitola, Surya Puram, and Kundpatha Etc.
- **Ward 36: Premganj-II ,Mohallas:** Premganj, Raiganj, Singal pura, Khalsa School, and Tandon Garden Etc.
- **Ward 37: Bahar Datia Gate-II ,Mohallas:** Outside Datia gate, Bansal Colony, D.A.B. College, Nai basti, KG Convent School, and Lakshmi Vidya Mandir School Etc.
- **Ward 38: Aligol-II ,Mohallas:** Aligol, Bhairo Khirki, Sarai, Outside Datia Gate, and Mewatipura Etc.
- **Ward 39: Azadganj ,Mohallas:** Azadganj, Masiha ganj, Subhash Market Sipri, Pila Girja Ghar, Best compounds, Charli Ganj, Taj Compound, and Sahani Compound Etc.
- **Ward 40: Civil Line Northern Part ,Mohallas:** Civil Lines, area behind Chitra cinema, Gwaltoli, Sevaram Oil mill, Circuit house area, B.K.D. College, Hydil colony, Jal Nigam colony, Nagar Nigam compound, Prakash hotel, area behind Elite from Income tax office, and Srinath Hotel Etc.
- **Ward 41: Bahar Datia Gate-I ,Mohallas:** Home Guard Training Center, Pathoriya, Datia Gate Filters, Outside Datia gate, Salim ka bagicha, Nagar Nigam Khanti, Kasole ka bagicha, Harish Gupta ka bagicha, Saraswati Shishu Mandir, Pitambara colony, and Friends colony Etc.
- **Ward 42: Nandanpura III ,Mohallas:** Sangam Vihar colony, K. K. Puri, Piriya Khod, Bankers' Colony, Awas Vikas Colony, Haji Petrol Pump, Nadi khodan, Indian Gas Colony, and Rajghat colony Etc.
  - **Ward 43: Sagar Gate ,Mohallas:** Sagar Gate, Tilayani Bazariya, Baidraj, and Jugyana Etc.
  - **Ward 44: Nankanganj ,Mohallas:** Chaman ganj, Nanak ganj, Arya Kanya, Nehru Park, Tandon Road, Rai ganj, and area of Pandit Vivah Ghar up to the drain Etc.
  - **Ward 45: Chhaniyapura ,Mohallas:** Chhaniyapura, Inside Orchha Gate, and Subhash Ganj Etc.

- **Ward 46: Premganj** ,**Mohallas:** Premganj, Rajkiya Poold Housing Colony, Germany Hospital, Adarsh Nagar, Nal ganj, Braham nagar colony, Power House, Thana sipri bazaar, Purani chungee Tanki, and Siddheshwar Nagar Etc.
- **Ward 47: Talaiya** ,**Mohallas:** Talaiya, Inside the Sainyar Gate, Kushtyana, Minarva cinema, and Kali Wadi Etc.
- **Ward 48: Mewatipura** ,**Mohallas:** Inside Unnao Gate, Mewatipura, Inside Bhanderi gate, and Itwari ganj Etc.
- **Ward 49: Civil Line West Part** ,**Mohallas:** Civil Lines, Central Hotel, Ministerial housing colony, Rishab Hotel, Officers colony, Gondu Compound, Refugee Calony, Satish Nagar, Commissioner House, and C.P. Mission Compound Etc.
- **Ward 50: Dadiyapura-I** ,**Mohallas:** Outside Badagoan gate, Sujekhan khirki, Shamshanghat, Master colony, Madrasi colony, Gopal ka bagicha, Mahakaleshwar mandir, Anjani ke Hanuman, and Satyam colony Etc.
- **Ward 51: Civil Line Southern Part II** ,**Mohallas:** area behind the district jail, Christ the King Primary, Gudindo Compound, Edelaji Vice Compound, Karyalay wan vibhag, Vyapar kar karyalay, Gharaiya line police awas, Rani Laxmi Bai Eye Hospital, Office Superintendent of Police, Thana Nawabad, Allahabad Bank Chauraha, Mr. Ramesh Sharma awas ke peeche Hydle colony, Jain Nursing Home to Vijay Kankan's house, Chatai ke Hanuman, and Christ the King College to Dr. Rathore's house Etc.
- **Ward 52: Mukarayana** ,**Mohallas:** Mukarayana, Rai ka tajiya, Visatkhana, and Darigaran Etc.
- **Ward 53: Bahar Khanderao Gate** ,**Mohallas:** Outside Khanderao Gate, Civil Lines, Talpura, Railway line, Bada Tal, Toriya Pura, and Amilya Tal Etc.
- **Ward 54: Bahar Orchha Gate-I** ,**Mohallas:** Outside Orchha Gate, Primary School, Talaiya, Sharda Convent Etc.
- **Ward 55: Civil Line Southern Part-I** ,**Mohallas:** Behind the post office, Civil Lines College, Collectorate, Tahsildar Office, Civil Judge Court, Christian College, Municipal Corporation, Namgyan Digambara Jain Temple, State Bank of India main branch, Sambhu Garden, Munsik, Jagan, Jernail Singh Toriya Etc.
- **Ward 56: Tara Narasingh Rao** ,**Mohallas:** Bandhaiya, Tara Narasingh Rao, Inside Datia Gate, Chandan Toriya, Idgah Etc.
- **Ward 57: C.P. Mission Compound** ,**Mohallas:** C.P. Mission Compound, St. Marks College, Girls College, Government Inter College, Municipal Power House, Good Colony Etc.
- **Ward 58: Simraha** ,**Mohallas:** Simraha, Gamliganj Toria, Talpura Etc.
- **Ward 59: Dadiya Pura** ,**Mohallas:** Darbhinadela, Ganesh Madiya, Sagar Para, Vasudev, Parvaran, Pannalal Etc.
- **Ward 60: Laxmanganj** ,**Mohallas:** Sarai, Laxmanganj, Lal Masjid, Lal Madia, Toriya, Gopal Nikhera, Mewariyan Etc.

- **Naya Gaon:** Mahendrapuri Etc.
- **Lahargird:** Brahmanagar, Baudhnagar, Kalsi ka Bagicha, and Indraprasthanagar Etc.
- Rudrapanch Mahal: Deendayal Nagar and Pushp Vihar Colony Etc.
- Garhiya: Iqbal Nagar Etc.
- Hansari Gird: Ambedkar Colony, Krishna Nagar (Khera) Etc.
- **Bijauli:** Azad Nagar, Rajgarh Vihar Colony Etc.
- **Jhansi Civil:** Thapak Bagh Pathauriya Etc.
- **Jhansi Khas:** Indrapuri, Anjani Nagar, Annapurna Nagar, and Verma Colony Etc.
- **Dadiyapura:** Shiv Colony and Shivaji Nagar Etc.
- **Talpura:** Shivaji Nagar Etc.
- **Pichhore:** Mayur Vihar, Gumnawara, and Maharana Pratap Nagar Etc.
- **Karguwan:** Kaimasan Nagar Etc.
- **Khailar:** Shakti Nagar Etc.
- **Simrawari:** Tilak Nagar, Kamala Nagar, and Ambedkar Nagar Etc.

**Chauraha And Tiraha**

BKD Chauraha, Elite Chauraha, Minerva Chauraha, Chitra Chauraha, Jail Chauraha, Kachahari Chauraha, Khanderao Gate Tiraha, Ganesh Chauraha, Medical Bypass Tiraha, Risala Chungi Tiraha Etc.

8. यह कि माननीय न्यायाधिकरण द्वारा पारित आदेश दिनांक 18.09.2025 के स्पष्ट एवं बाध्यकारी निर्देशों के अनुपालन में, आवेदक द्वारा दिनांक 27.09.2025 को झांसी महानगर में कंक्रीटीकरण एवं अवैध कटान से प्रभावित वृक्षों का विस्तृत, क्षेत्रवार एवं स्थल-विशेष विवरण प्रभागीय वन अधिकारी, झांसी सहित समस्त प्रतिवादियों को ई-मेल के माध्यम से लिखित प्रस्तुति द्वारा विधिवत उपलब्ध करा दिया गया था। आवेदक द्वारा प्रस्तुत उक्त विवरण में यह निर्विवाद रूप से दर्शाया गया था कि संयुक्त समिति की रिपोर्ट में जिन 971 स्थलों पर कंक्रीट हटाने का दावा किया गया है, वास्तविकता में कुछ स्थानों पर केवल 50–55 वृक्षों के तनों की लगभग 6 इंच की परिधि तक ही सतही कंक्रीट हटाई गई है, जबकि जड़ों के चारों ओर कंक्रीटीकरण और सीमेंटेड सतह यथावत बनी हुई है, जिससे वृक्षों का जीवन एवं वृद्धि प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हो रही है।

**8.** That, in compliance with the clear and mandatory directions issued by the Hon’ble Tribunal vide order dated **18.09.2025**, the Applicant, on **27.09.2025**, duly submitted a **detailed, area-wise and site-specific account** of the trees affected by concretisation/illegal felling within Jhansi Municipal area to the **Divisional Forest Officer, Jhansi**, who is a member of the Joint Committee, as well as to all the Respondents, through a written submission sent via e-mail. The said submission unequivocally demonstrated that, contrary to the claim made in the Joint Committee’s report regarding removal of concrete at **971 locations**, in reality, at several sites only superficial concrete has been removed to a limited extent of approximately **six inches around the trunks of merely 50–55 trees**, while the **concretised/cemented surface around the roots continues to remain intact**, thereby directly and adversely affecting the life, health and growth of the trees.

9. यह कि आवेदक द्वारा उक्त पत्र में प्रभागीय वन अधिकारी, झांसी से स्पष्ट रूप से अनुरोध किया गया था कि माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा पारित आदेश दिनांक 18.09.2025 का विधिवत संज्ञान लेते हुए, आवेदक द्वारा उपलब्ध कराए गए विस्तृत विवरण (संलग्न सूची सहित) तथा मूल आवेदन, निष्पादन आवेदन एवं आपत्ति में उल्लिखित तथ्यों एवं आरोपों के आधार पर, संयुक्त समिति के सदस्य के रूप में, तत्काल प्रभाव से आवश्यक एवं प्रभावी वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जिससे शेष जीवित वृक्षों को संरक्षित किया जा सके तथा नष्ट/कटे हुए वृक्षों के संबंध में विधि के अनुसार दंडात्मक एवं सुधारात्मक कार्रवाई की जा सके।

**9.** That, in the said communication, the Applicant had categorically requested the **Divisional Forest Officer, Jhansi** to take due cognizance of the order dated **18.09.2025** passed by the Hon'ble National Green Tribunal and, on the basis of the detailed information furnished by the Applicant (along with the annexed list) as well as the facts and allegations set out in the **Original Application, Execution Application and the Objections**, to ensure the initiation of **necessary, effective and immediate statutory action** in his capacity as a member of the Joint Committee, so as to protect the remaining standing trees and to take appropriate **punitive and remedial action in accordance with law** in respect of the trees that have been destroyed or illegally cut.

**10.** यह कि इसके बावजूद, प्रभागीय वन अधिकारी, झांसी द्वारा आवेदक से जीपीएस रीडिंग, जियो-टैग्ड फोटोग्राफ आदि की मांग किया जाना न केवल माननीय न्यायाधिकरण के आदेश की भावना एवं मंशा के प्रतिकूल है, बल्कि यह आदेश के वास्तविक एवं प्रभावी अनुपालन से बचने, कार्यवाही को अनावश्यक रूप से विलंबित करने तथा वैधानिक एवं वैधानिक-न्यायिक दायित्वों को अनुचित रूप से आवेदक पर स्थानांतरित करने का स्पष्ट प्रयास है। यह रवैया संयुक्त समिति के सदस्य द्वारा अपेक्षित स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं स्थलीय सत्यापन के कर्तव्य का घोर उल्लंघन है तथा इसे माननीय न्यायाधिकरण के आदेशों की जानबूझकर अवहेलना (wilful non-compliance) के रूप में देखा जाना चाहिए।

**10.** That, notwithstanding the above, the demand made by the **Divisional Forest Officer, Jhansi** requiring the Applicant to furnish **GPS readings, geo-tagged photographs and other technical details** is not only contrary to the spirit and intent of the order passed by the Hon'ble Tribunal, but also constitutes a clear attempt to evade real and effective compliance with the said order, to cause unnecessary delay in the proceedings, and to unjustly shift statutory and quasi-judicial responsibilities onto the Applicant. Such conduct amounts to a grave violation of the duty of **independent, impartial and on-site verification** expected from a member of the Joint Committee, and deserves to be viewed as **wilful non-compliance** with the orders of the Hon'ble Tribunal.

11. यह कि यह अत्यंत गंभीर, चौंकाने वाला एवं निंदनीय तथ्य है कि प्रभागीय वन अधिकारी, झांसी के कार्यालय के मुख्य गेट के मसीप एवं कार्यालय की दीवार लगी सड़क किनारे स्थित वृक्षों के चारों ओर कंक्रीटीकरण किया गया है, जो इस बात का प्रत्यक्ष एवं निर्विवाद प्रमाण है कि प्रभागीय वन अधिकारी, झांसी द्वारा अपने ही क्षेत्राधिकार में माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशों का पालन नहीं कराया जा रहा है। ऐसी स्थिति में, प्रभागीय वन अधिकारी, झांसी द्वारा आवेदक से जीपीएस रीडिंग, जियो-टैग्ड

फोटोग्राफ एवं अन्य तकनीकी विवरणों की बार-बार मांग किया जाना न केवल पूर्णतः दुर्भावनापूर्ण, असंगत एवं चयनात्मक है, बल्कि यह माननीय न्यायाधिकरण के आदेश दिनांक 18.09.2025 के वास्तविक एवं प्रभावी अनुपालन से बचने, स्वतंत्र स्थलीय निरीक्षण के अपने वैधानिक कर्तव्य से पलायन करने तथा उत्तरदायित्व को अनुचित रूप से आवेदक पर थोपने का सुनियोजित प्रयास प्रतीत होता है। यह आचरण संयुक्त समिति के सदस्य द्वारा अपेक्षित निष्पक्षता, जवाबदेही एवं पर्यावरण संरक्षण के दायित्व का घोर उल्लंघन है और इसे माननीय न्यायाधिकरण के आदेशों की जानबूझकर अवहेलना (wilful non-compliance) एवं कर्तव्य में गंभीर लापरवाही (gross dereliction of duty) के रूप में देखा जाना चाहिए।

11. That it is an extremely serious, shocking and reprehensible fact that the trees located in close proximity to the main gate of the office of the **Divisional Forest Officer, Jhansi**, as well as those situated along the roadside adjoining the office boundary wall, have been surrounded by concretisation. This itself constitutes direct and incontrovertible evidence that, even within his own jurisdiction, the **Divisional Forest Officer, Jhansi** has failed to ensure compliance with the orders of the Hon'ble National Green Tribunal. In such circumstances, the repeated demands made by the Divisional Forest Officer, Jhansi upon the Applicant for **GPS readings, geo-tagged photographs and other technical details** are not only wholly mala fide, arbitrary and selective, but also appear to be a calculated attempt to evade real and effective compliance with the Hon'ble Tribunal's order dated **18.09.2025**, to abdicate his statutory duty of independent on-site inspection, and to unjustly shift responsibility onto the Applicant. Such conduct amounts to a gross violation of the principles of **fairness, accountability and environmental protection** expected from a member of the Joint Committee, and deserves to be viewed as **wilful non-compliance** with the orders of the Hon'ble Tribunal as well as **gross dereliction of duty**.

12. यह कि यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि आवेदक द्वारा मूल आवेदन OA No. 1075/2024, निष्पादन आवेदन EA No. 11/2025 तथा आपत्ति दिनांक 15.09.2025 में झांसी महानगर के विभिन्न स्थलों का विस्तृत विवरण, स्थानवार जानकारी एवं जीपीएस/फोटोग्राफिक साक्ष्य विधिवत संलग्न कर पहले ही प्रस्तुत किए जा चुके हैं। ऐसी स्थिति में, प्रभागीय वन अधिकारी, झांसी द्वारा पुनः आवेदक से जीपीएस रीडिंग, जियो-टैग्ड फोटोग्राफ एवं अन्य तकनीकी विवरणों की मांग किया जाना न केवल पूर्णतः अनावश्यक एवं पुनरावृत्तिपूर्ण है, बल्कि यह माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेश दिनांक 18.09.2025 की भावना के प्रतिकूल, स्वतंत्र स्थलीय सत्यापन के अपने वैधानिक कर्तव्य से बचने तथा कार्यवाही को अनावश्यक रूप से विलंबित करने का स्पष्ट प्रयास भी प्रतीत होता है। उक्त आचरण यह दर्शाता है कि वास्तविक अनुपालन सुनिश्चित करने के बजाय उत्तरदायित्व को अनुचित रूप से आवेदक पर स्थानांतरित किया जा रहा है, जो कि संयुक्त समिति के सदस्य के रूप में प्रभागीय वन अधिकारी, झांसी की भूमिका एवं दायित्वों के घोर उल्लंघन के समान है।

**12.** That it is particularly noteworthy that the Applicant has already duly placed on record, along with the **Original Application (OA No. 1075/2024)**, the **Execution Application (EA No. 11/2025)** and the **Objections dated 15.09.2025**, detailed site-wise descriptions, location-specific information and **GPS/photographic evidence** relating to various locations within Jhansi city. In such circumstances, the renewed demand made by the **Divisional Forest Officer, Jhansi** upon the Applicant to again

furnish **GPS readings, geo-tagged photographs and other technical details** is not only wholly unnecessary and repetitive, but also appears to be contrary to the spirit of the order dated **18.09.2025** passed by the Hon'ble National Green Tribunal. Such conduct clearly reflects an attempt to evade the statutory obligation of independent on-site verification and to unnecessarily delay the proceedings, while improperly shifting responsibility onto the Applicant instead of ensuring actual compliance, thereby constituting a gross violation of the role and duties expected of the Divisional Forest Officer, Jhansi as a member of the Joint Committee.

13. यह कि आवेदक द्वारा दिनांक 27.09.2025 को झांसी महानगर में कंक्रीटीकरण/अवैध कटान से प्रभावित वृक्षों का विस्तृत, क्षेत्रवार एवं स्थल-विशेष विवरण प्रभागीय वन अधिकारी, झांसी सहित समस्त प्रतिवादियों को ई-मेल के माध्यम से लिखित प्रस्तुति द्वारा विधिवत उपलब्ध करा दिया गया था, जिसमें यह स्पष्ट रूप से दर्शाया गया था कि अनेक स्थलों पर केवल लगभग 50–55 वृक्षों के तनों की करीब 6 इंच की परिधि तक ही सतही कंक्रीट हटाई गई है तथा वास्तविक डी-कंक्रीटीकरण के स्थान पर वहाँ ईंटें लगा दी गई हैं, इसका स्पष्ट एवं अपरिहार्य निष्कर्ष यह है कि आवेदक द्वारा इंगित स्थलों पर कंक्रीटीकरण वस्तुतः यथावत बना हुआ है और माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशों का न तो वास्तविक, न ही प्रभावी अनुपालन किया गया है, जो कि आदेशों की मंशा के प्रतिकूल एवं जानबूझकर की गई अवहेलना का द्योतक है।

13. That the Applicant, on 27.09.2025, had duly provided, via written submission through e-mail, a detailed, area-wise, and site-specific account of the trees in Jhansi Metropolitan Area affected by concreting/illegal felling to the Divisional Forest Officer, Jhansi, as well as to all the Respondents. The submission clearly demonstrated that in several locations, only approximately 50–55 tree trunks had superficial concrete removed up to a circumference of about 6 inches, and at the actual sites of de-concreting, bricks had been laid instead. The clear and inescapable conclusion is that the concreting at the locations indicated by the Applicant essentially remains intact, and that the orders of the Hon'ble National Green Tribunal have been complied with neither in substance nor effectively. This indicates a deliberate and conscious disregard of the intent of the orders.

14. यह कि यह अत्यंत गंभीर एवं आपत्तिजनक है कि उक्त प्रकरण में प्रतिवादी संख्या–12 नगर निगम, झांसी द्वारा पत्रांक संख्या 113 दिनांक 01.12.2025 ई-मेल के माध्यम से आवेदक को भेजा गया, जिसमें यह कहा गया है कि आवेदक द्वारा दाखिल आपत्ति दिनांक 15.09.2025 में पृष्ठांक 120 से 123 तक दर्शाए गए वृक्षों का डी-कंक्रीटीकरण आख्या दाखिल किए जाने से पूर्व ही कर दिया गया था तथा उक्त पृष्ठों पर उल्लेखित शेष वृक्षों का भी मौके पर डी-कंक्रीटीकरण किया जा चुका है।

14. That it is a matter of grave concern and serious objection that, in the present matter, **Respondent No. 12, the Municipal Corporation, Jhansi**, issued Letter No. **113 dated 01.12.2025**, which was sent to the applicant by e-mail, stating therein that the de-concretisation of the trees shown at **pages 120 to 123** of the objection filed by the applicant on **15.09.2025** had already been carried out prior to the submission of the compliance report, and that the remaining trees mentioned on the said pages have also been de-concretised at the site.

14-1. **यह कि** झांसी महानगर में संबंधित उत्तरदायी अधिकारियों द्वारा वृक्षों को कंक्रीट से मुक्त किए जाने के संबंध में केवल औपचारिक एवं भ्रामक कार्रवाई की गई है। वास्तविकता यह है कि नगर क्षेत्र में **किसी भी स्थान पर वृक्षों को पूर्ण रूप से कंक्रीट से मुक्त नहीं किया गया है।**

**यह कि** कुछ चुनिंदा स्थानों पर मात्र **लगभग 50–55 वृक्षों** के तनों के चारों ओर **केवल लगभग 6 इंच की परिधि तक** ही कंक्रीट हटाकर वहाँ ईंटें लगा दी गई हैं, जबकि वृक्षों की जड़ों के चारों ओर अब भी कंक्रीट/सीमेंटयुक्त सतह विद्यमान है, जिससे न तो वृक्षों का संरक्षण सुनिश्चित होता है और न ही पर्यावरणीय मानकों का पालन किया गया है।

**यह कि** इस प्रकार की आंशिक एवं दिखावटी कार्रवाई वृक्ष संरक्षण के उद्देश्य को पूर्णतः विफल करती है तथा यह माननीय न्यायाधिकरण को गुमराह करने का प्रयास भी प्रतीत होती है।

**यह तथ्य** आवेदक द्वारा अपनी **आपत्ति दिनांक 15.09.2025** में स्पष्ट, तथ्यात्मक एवं साक्ष्य सहित उजागर किया गया था। इसके समर्थन में आवेदक द्वारा **नगर निगम परिसर सहित नगर निगम के आस-पास स्थित सड़कों पर कंक्रीट से घिरे वृक्षों के फोटोग्राफ** संलग्न किए गए थे, जो **रिकॉर्ड संख्या 120 से 123** तक साक्ष्य के रूप में विधिवत उपलब्ध हैं।

**14-1. That** in Jhansi Metropolitan Area, the concerned responsible authorities have carried out only a formalistic and misleading exercise with regard to freeing trees from concrete. In reality, trees have not been completely freed from concrete at any location within the municipal area.

**That** at a few selective locations, concrete has been removed only up to approximately **six inches around the trunks of about 50–55 trees**, and bricks have been laid therein, whereas **concrete/cemented surfaces still exist around the root zones of the trees**, thereby neither ensuring the protection of the trees nor complying with environmental norms.

**That** such partial and cosmetic action completely defeats the very objective of tree protection and also appears to be an attempt to mislead this Hon'ble Tribunal.

**That** the said facts were clearly, specifically, and with supporting evidence brought on record by the Applicant in his **objection dated 15.09.2025**. In support thereof, the Applicant had annexed **photographs of trees encased in concrete located within the Municipal Corporation premises and on the roads surrounding the Municipal Corporation**, which are duly available on record as **Evidence Nos. 120 to 123**.

15. यह कि प्रतिवादी संख्या- 12 द्वारा उक्त पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि आवेदक को उक्त पृष्ठांक पर दर्शाए गए वृक्षों के डी-कंक्रीटीकरण के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो वह तीन दिवस के भीतर अवगत कराए, अन्यथा यह मान लिया जाएगा कि आवेदक उक्त कार्यवाही से संतुष्ट है। यह कथन भ्रामक, दबावपूर्ण एवं माननीय न्यायाधिकरण के समक्ष लंबित कार्यवाही को प्रभावित करने का प्रयास है, क्योंकि डी-कंक्रीटीकरण की वास्तविक स्थिति आज भी कुछ स्थलों पर अपूर्ण, दिखावटी एवं केवल तने की सीमित परिधि तक ही की गई है, न कि जड़ों के चारों ओर समुचित रूप से।

15. That Respondent No. 12, in the said letter, has further stated that if the applicant has any objection regarding the de-concretisation of the trees shown on the said pages, he should inform the undersigned within **three days**, failing which it would be presumed that the applicant is satisfied with the action taken. Such a statement is **misleading, coercive and intended to influence the proceedings pending before the Hon'ble Tribunal**, as the actual status of de-concretisation even today remains incomplete and cosmetic at several locations, having been carried out only up to a limited periphery of the tree trunks and not properly around the roots.

16. यह कि यह भी निवेदन है कि प्रतिवादी नगर निगम, झांसी द्वारा इस प्रकार का पत्र प्रेषित कर यह दर्शाने का प्रयास किया जा रहा है कि माननीय न्यायाधिकरण के आदेशों का पूर्ण अनुपालन हो चुका है, जबकि वास्तविकता इसके विपरीत है। इस प्रकार का पत्र आवेदक पर अनुचित दबाव बनाकर तथ्यों को स्वीकार कराने तथा भविष्य में न्यायिक कार्यवाही से आवेदक को वंचित करने के उद्देश्य से भेजा गया प्रतीत होता है।

**16.** That it is further submitted that by issuing such a letter, the Municipal Corporation, Jhansi is attempting to create an impression that the orders of the Hon'ble Tribunal have been fully complied with, whereas the reality is otherwise. Such a letter appears to have been sent with the intention of exerting undue pressure upon the applicant to compel acceptance of the stated facts and to deprive the applicant of pursuing further judicial remedies in the future.

17. यह कि इसके अतिरिक्त, यह अत्यंत गंभीर विषय है कि उक्त प्रकरण में पैरवी किए जाने के कारण नगर निगम झांसी से संबंधित ठेकेदारों/असामाजिक तत्वों द्वारा आवेदक को लगातार मौखिक रूप से धमकियाँ दी जा रही हैं, जिनमें यह कहा जा रहा है कि यदि आवेदक ने इस प्रकरण में पैरवी करना बंद नहीं किया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। उक्त धमकियाँ न केवल आवेदक की व्यक्तिगत सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं, बल्कि यह न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े जनहित प्रयासों को दबाने का गंभीर अपराध है।

**17.** That, in addition thereto, it is an extremely serious matter that, on account of the applicant pursuing this case, the applicant has been continuously subjected to **oral threats** by contractors and/or anti-social elements associated with the Municipal Corporation, Jhansi, stating that if the applicant does not stop pursuing the present matter, he will have to face **serious consequences**. Such threats not only adversely affect the personal safety and security of the applicant, but also amount to **interference with the judicial process** and constitute a grave offence aimed at suppressing public interest efforts relating to environmental protection.

18. यह कि आवेदक यह स्पष्ट करना चाहता है कि ऐसी किसी भी धमकी, दबाव अथवा पत्राचार के बावजूद वह पर्यावरण संरक्षण के इस जनहितकारी प्रकरण में माननीय न्यायाधिकरण के समक्ष सत्य एवं वास्तविक स्थिति प्रस्तुत करता रहेगा और किसी भी प्रकार की तथाकथित "संतुष्टि" व्यक्त नहीं की गई है।

18. The applicant wishes to clarify that despite any such threats, pressures, or correspondence, he shall continue to present the true and factual situation before the

Hon'ble Tribunal in this public interest environmental matter, and no so-called 'satisfaction' has been expressed in any manner.

19. यह कि इसके बावजूद, आज दिनांक तक प्रभागीय वन अधिकारी, झांसी अथवा संयुक्त समिति द्वारा आवेदक द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरण के आधार पर कोई प्रभावी, ठोस एवं दृश्यात्मक कार्यवाही नहीं की गई है, जिससे माननीय न्यायाधिकरण के आदेशों का उद्देश्य निष्फल हो रहा।

19. That despite this, to date, neither the Divisional Forest Officer, Jhansi, nor the Joint Committee has taken any effective, concrete, and visible action based on the information provided by the applicant, thereby rendering the purpose of the Hon'ble Tribunal's orders ineffective.

